प्रभात खबर

# Rourkela News: ढाई लाख रुपये की नकली विदेशी शराब जब्त, तीन गिरफ्तार




Rourkela News: राउरकेला आबकारी विभाग की टीम ने गुरुवार सुबह सेक्टर-19 स्थित झारखंड मार्केट में दबिश देकर भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब की खेप बरामद की है. जिसमें कुल 240 बोतलों में कुल 180 लीटर नकली विदेशी शराब जब्त की गयी है. इसकी अनुमानित कीमत ढाई लाख रुपये होगी. इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. उनके पास से दो कार भी जब्त की गयी है. गिरफ्तार आरोपियों में राउरकेला डेली मार्केट के भाटी रोड निवासी मो अख्तर उर्फ बूटा (52), बसंती कॉलोनी रेलवे फाटक निवासी प्रदीप परिडा (45) और सेक्टर-7 मुंडारी बस्ती निवासी राजेश दे (52) शामिल हैं. गुरुवार को आबकारी विभाग की ओर से आयोजित प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी गयी.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/odisha/fake-foreign-liquor-worth-rs-2-5-lakh-seized-three-arrested